नैनो के रास्ते प्रभु दिल में समा रहे हो

होने लगी है किरपा अब नजदीक आ रहे हो,
नैनो के रास्ते प्रभु दिल में समा रहे हो,

चढ़ने लगा खुमार मुझे मस्ती में क्या कहु,
चरणों में आप के सदा बैठा यु ही रहु,
दीवाना हो गया हु मैं तुम मुश्कुरा रहे हो,
नैनो के रास्ते प्रभु दिल में समा रहे हो,

जादू तुम्हारी हर अदा आये हाय क्या बांक पण,
अधरों पे झूमती हुई बंसी पे नाचे मन,
कभी पास आ रहे हो कभी दुरी बड़ा रहे हो,
नैनो के रास्ते प्रभु दिल में समा रहे हो,

सबको भुला चूका हु मैं लेहरी के श्याम तुम,
अब और कुछ ना कामना मेरे चारो धाम तुम,
स्वीकार कर रहा हु मैं तुम कही छुपा रहे हो,
नैनो के रास्ते प्रभु दिल में समा रहे हो,

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/5531/title/naino-ke-raste-prabhi-dil-me-sma-rahe-ho

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |